'सरकार का AI मिशन देगा रोज़गार'



■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: उत्तर प्रदेश आर्टिफिशल इंटेलिजेंस मिशन (UP-AIM) को मिशन मोड में लागू करने के फैसले का सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू यह मिशन युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के नए अवसर देगा और आम नागरिकों का जीवन सुगम बनाएगा।

डॉ. सिंह ने बताया कि 19 मई 2025 को उन्होंने सरकार को पत्र लिखकर सम्पूर्ण AI आयोग के गठन का प्रस्ताव दिया था। इसमें AI के नैतिक उपयोग, सुशासन, अनुसंधान, कौशल विकास और उद्यमिता की रूपरेखा थी। उसी दृष्टिकोण के अनुरूप कई पहल अब मिशन में शामिल हुई हैं। मिशन का शासनादेश 21 अक्टूबर 2026 को जारी हुआ। मिशन की छह प्रमुख पहल है। 62 आईटीआई में एआई डेटा लैब बनेंगे।

कार्यालय परिवेशना प्रबन्धक, यूनिट-06
कन्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज,
उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय)
05/53, विराम खण्ड, गोमती नगर,
लखनऊ. दूरभाष: 0522-4958621
ई-मेल: pmcdsunit6@gmail.com
प्रधान कार्यालय: टीसी-38-बी, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
NIT No. : 2064/Tender Works/652
Dated : 16.11.2026

अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम के अधोहस्ताक्षरी द्वारा **जनपद सीतापुर के ब्लाक महमूदाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कम्प्यूटर लैब के निर्माण कार्य हेतु अनु0 लागत रू0 16.12 लाख** हेतु सीएमएस डीएलव्ही सर्वाधिक कार्य की निविदा सूचना हेतु तथा निर्माण कार्य हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से **दिनांक 25.11.2026 के अपराह्न 17:00 बजे** तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। उक्त कार्य हेतु ई-निविदा प्रपत्र **दिनांक 17.11.2026 से दिनांक 25.11.2026 के मध्य** उत्तर प्रदेश सरकार की e-procurement वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** से डाउनलोड किये जा सकते हैं तथा ई-निविदा **दिनांक 26.11.2026 को अपराह्न 15:30 बजे** कार्यालय परिवेशना प्रबन्धक, यूनिट-06, सी0 एण्ड डी0 एस0, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), लखनऊ में निविदा खोली जायेगी। तालिका में अंकित धनराशि के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य अतिरिक्त देय होगा। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण विभाग की वेबसाइट **www.cdsupjn.org** एवं प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल **https://etender.up.nic.in** पर उपलब्ध है। समस्त शुद्धि पत्र (Corrigendum) **https://etender.up.nic.in** पर ही अपलोड किये जायेंगे, **इनका पृथक से कोई प्रकाशन नहीं किया जायेगा।** निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहें।

सावधान! दूषित खान-पान से दिमाग में पहुंच रहा कीड़ा

हर दूसरे मरीज़ के दिमाग में परजीवी


■ अनंत कुमार शुक्ल, लखनऊ

राष्ट्रीय मिर्गी दिवस आज

बिना लक्षण वाले 15% लोगों में भी इंफेक्शन

50 में से 13 पशुओं में भी मिला संक्रमण

AI Image



उम्र के अनुसार दौरों की वजह अलग

केजीएमयू न्यूरोलॉजी विभाग के प्रो. नीरज कुमार के अनुसार, न्यूरोसिस्टिसरकोसिस बीमारी पेट के परजीवी (टीनिया सोलियम) के अंडे के खून के जरिए दिमाग तक पहुंचकर गांठें बनाने से होती है। अधपके सूअर का मांस, दूषित पानी व अस्वच्छ सब्जियां इसका मुख्य कारण है, जिससे मिर्गी के दौरे, सिरदर्द और आंखों की रोशनी प्रभावित होती है। एमआरआई, ब्रेन सीटी स्कैन, ईईजी व खून की जांच से पहचान के बाद अल्बेंडाजोल, प्राजिक्वेंटल व स्टेरॉयड से इलाज होता है।

उन्होंने बताया कि उम्र के अनुसार दौरों की वजह अलग होती है-बच्चों में आनुवंशिक व मेटाबॉलिक गड़बड़ी, 6 माह से 6 साल तक फेब्राइल सीजर, संक्रमण (टीबी व सिस्टिसरकोसिस), किशोरावस्था में चोट, बड़ी उम्र में ट्यूमर-स्ट्रोक व सीडियर या शुगर का असंतुलन प्रमुख है।

न्यूरोसिस्टिसरकोसिस क्या है?

न्यूरोसिस्टिसरकोसिस दिमाग में होने वाला एक परजीवी संक्रमण है। यह दूषित खाना-पानी या गंदे हाथों के जरिए शरीर में पहुंचने वाले एक खास परजीवी के अंडों से होता है। इसके लार्वा दिमाग में गांठ बना सकते है, जिससे सूजन और मिर्गी के दौरे पड़ने का खतरा रहता है।

देखभाल में मां की भूमिका अहम



■ NBT न्यूज, लखनऊ : समय से पहले जन्म लेने वाले बच्चों को अस्पताल से छुट्टी के बाद भी विशेष देखभाल और नियमित जांच की जरूरत होती है। समय पर रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी (ROP) की जांच में लापरवाही से आंखों की रोशनी जा सकती है। विश्व प्रीमैच्योरिटी दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को केजीएमयू के क्वीन मेरी स्थित एमएनसीयू वार्ड में हुए कार्यक्रम में बाल रोग विभाग की प्रो. शालिनी त्रिपाठी ने यह जानकारी दी।

नन्हीं सांसों पर बढ़ा खतरा

■ NBT न्यूज, लखनऊ : समय से पहले जन्मे बच्चों में अधूरे विकसित फेफड़ों के कारण सांस लेने में दिक्कत सबसे बड़ा खतरा है। केजीएमयू के बाल रोग विभाग की इस रिसर्च में सामने आया कि 338 प्रीमैच्योर बच्चों में से 134 को सांस की परेशानी थी। 'इंडियन पीडियाट्रिक्स' जर्नल (मई 2026) में प्रकाशित इस अध्ययन में 34 सालह से पहले जन्मे 113 बच्चों को शामिल किया गया। जन्म के 6, 24 व 24 घंटे बाद लिए गए 'nSOFA स्कोर' से पता चला कि 24 घंटे बाद का आकलन खतरे की पहचान में ज्यादा सटीक है।

'मरीज से मंगवाया 1300 का सामान'



■ NBT न्यूज, लखनऊ : केजीएमयू में के शताब्दी भवन स्थित इंटरवेंशनल रेडियोलजी विभाग में मरीजों से बाहर से सामान मंगवाने का मामला सामने आया है। डालीगंज निवासी एक युवती को डॉक्टरों ने बायॉप्सी की सलाह दी। शनिवार को वह अपनी मां के साथ इंटरवेंशनल रेडियॉलजी यूनिट पहुंची। आरोप है कि वहां सामान की सूची थमा दी गई। परिवार को यह सामान निजी मेडिकल स्टोर से 1300 रुपये में खरीदना पड़ा। मामले में केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ. केके सिंह का कहना है कि अगर गलत तरीके से बाहर से दवाई लिखी गई है तो उसकी जांच होगी।

फटाफट खबरें

'स्थानीय समस्याओं का वैज्ञानिक हल निकालें'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: खाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में सोमवार को 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। इसमें पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने विद्यार्थियों को आसपास की समस्याओं में विज्ञान खोजने, कल्पना शक्ति बढ़ाने और असफलता से हतोत्साहित न होने की सीख दी। कार्यक्रम में वैसी प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि भारतीय परंपराओं में छिपे विज्ञान को खोजने की जरूरत है। किसान भी जुगाड़ से नवाचार कर रहे हैं। संयुक्त निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार ने शिक्षकों से एआई के प्रति जागरूक करने को कहा। राज्य अन्वेषक डॉ. विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि लखनऊ से 890 समूहों ने पंजीकरण कराया है और 600 बच्चे शामिल हुए। इस वर्ष का विषय 'टिकाऊपन के लिए विज्ञान और नवाचार' है।

रोबॉटिक्स लैब में हुनर निखार रही छात्राएं

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं अब ICT और रोबॉटिक्स लैब में हुनर निखार रही हैं, जिससे कॉलेज में नामांकन भी बढ़ा है। नबीउल्लाह रोड स्थित इस कॉलेज में तीन साल में छात्राओं की संख्या 220 से बढ़कर 333 हो गई है। प्रिंसिपल अंकिता सिंह ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग की तीन लैब में इसमें अहम भूमिका निभाई है। नटखट लैब में कक्षा 6 से 8 की छात्राएं बेसिक साइंस के कॉन्सेप्ट मॉडल से सीख रही हैं।

सेवाश्रम का शताब्दी समारोह आज से



■ NBT न्यूज, लखनऊ : रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम, लखनऊ अपनी 100 वर्षों की मानव सेवा के उपलक्ष्य में मंगलवार से 21 नवंबर तक पांच दिवसीय शताब्दी समारोह मनाएगा। निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद ने सोमवार को प्रेस वार्ता में बताया कि समारोह में वेलूड़ मठ के अध्यक्ष स्वामी गौतमानंद सहित देशभर के वरिष्ठ संन्यासी शामिल होंगे। आयोजन का मुख्य आकर्षण 18 नवंबर को भगवान श्रीरामकृष्ण परमहंस की संगरमरमर प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव होगा। इस दौरान न्यूयॉर्क के स्वामी सर्वप्रियानंद का विशेष व्याख्यान और 'आध्यात्मिक जीवन पर एआई (AI) के प्रभाव' जैसे विषयों पर सभाएं होंगी।

वंस मोर सीजन-4 के स्वर्णिम अंक की रिकॉर्डिंग

■ NBT न्यूज, लखनऊ: दूरदर्शन उत्तर प्रदेश के काव्य कार्यक्रम वंस मोर सीजन- 4 के 50वें स्वर्णिम अंक की रिकॉर्डिंग सोमवार को दूरदर्शन के स्टूडियो-ए में की गई। इस खास स्वर्णिम अंक का प्रसारण डीडी यूपी पर रात 9 बजे किया जाएगा। इस विशेष कवि सम्मेलन में देश के जाने-माने कवियों और कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उदय प्रताप सिंह, सर्वेश कुमार अस्थाना, प्रियांशु गजेंद्र, कलीम कैसर, मुकुल महान, डॉ. भावना श्रीवास्तव और अंशु प्रिया दुबे ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को भावविभोर किया। मंच का संचालन स्माइलमैन के नाम से मशहूर कवि सर्वेश कुमार अस्थाना ने किया।

मोबाइल छोड़ मैदान में उतरे बच्चे

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : बच्चों को मोबाइल और स्क्रीन की दुनिया से दूर असली बचपन से जोड़ने के लिए इंदिरा नगर स्थित डीपीएस (DPS) स्कूल में 'चाइल्डहुड अनप्लग्ड' मेला आयोजित किया गया। इसमें बच्चों ने खेल, संगीत, नृत्य और अभिनय से प्रतिभा दिखाई, वहीं अभिभावकों ने भी उनके साथ खेलों में हिस्सा लिया। मेले में कक्षा 3 से 5 तक के बच्चों ने कार्टून व कहानियों के किरदारों का अभिनय किया, जबकि कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने गिटार, की-बोर्ड, ड्रम, तबला और बांसुरी की धुनें बिखेरीं।

'मीडिया केवल समाचार का माध्यम नहीं'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर सोमवार को अंबेडकर महासभा परिसर में सेमिनार का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि मुख्यधारा की मीडिया जब तक वंचित समाज की आवाज को प्रमुखता से नहीं उठाएगी, सामाजिक न्याय का लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता। मीडिया केवल समाचार का माध्यम नहीं, बल्कि समानता और लोकतांत्रिक मूल्य स्थापित करने का मंच है। इस दौरान राजेंद्र गौतम, सुनील कुमार दैदास और चंद्रमान सहित 10 पत्रकारों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रामवंद पटेल और आरआर जैसवार समेत कई लोग मौजूद रहे।

मुफ्ती अतीक मियां का उर्स 18 से

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: मुफ्ती अबुल कासिम मोहम्मद अतीक मियां फरंगी महली का दो दिवसीय उर्स 18 नवंबर से शुरू होगा। इसमें महफिल-ए-मिलादुन्नबी, रूहानी महफिल और कुल शरीफ होगा। इदारा-ए-शरइया फरंगी महल के जनरल सेक्रेटरी मौलाना अफ्फान अतीक ने बताया कि काजी-ए-शहर मुफ्ती अबुल इरफान मियां फरंगी महली की सरपरस्ती में उर्स का आयोजन होगा।उन्होंने बताया कि 18 नवंबर को शाम 8 बजे मगरिब की नमाज के बाद तकसाल स्थित आस्ताना हमीदिया में महफिल-ए-मिलादुन्नबी होगी। 19 नवंबर को सुबह इसी आस्ताने पर नमाज-ए-नफ्स और रूहानी महफिल का आयोजन होगा।

'ईश्वर के प्रति समर्पण ही सच्चा भक्ति योग'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: राजाजीपुरम स्थित सत्संग पार्क में वेदांत सत्संग समिति की ओर से आयोजित गीता ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन श्रीमद्भगवद्गीता के द्वादश अध्याय पर दिव्य सत्संग हुआ। इस दौरान महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती महाराज ने श्रद्धालुओं को भक्ति योग की महिमा बताते हुए कर्मफल त्याग, निष्काम कर्म और ईश्वर के प्रति समर्पण का महत्व समझाया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारी अभिनव तिवारी, अक्षिता अवस्थी, रितेश टंडन, नैन्सी टंडन, ज्योति पांडेय उपस्थित रहीं।

हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के 30 अधिकारियों को पदोन्नति

■ NBT न्यूज, लखनऊ: इलाहाबाद हाई कोर्ट प्रशासन ने लखनऊ खंडपीठ के ऑफिस संवर्ग में कार्यरत 30 अधिकारियों को विभिन्न उच्चतर पदों पर पदोन्नति प्रदान की है। इस संबंध में महानिबंधक मंजीत सिंह श्योराण की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। पदोन्नति के बाद अधिकारियों को निबंधक, उप निबंधक, सहायक निबंधक और आशुलिपिक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

ये हुए पदोन्नत: अधिसूचना के अनुसार, संयुक्त निबंधक से निबंधक पद पर रजनीश कुमार सिंह को पदोन्नति दी गई है। वहीं, उप निबंधक से संयुक्त निबंधक पद पर कंचन दीक्षित, मानवेंद्र प्रताप सिंह और पंकज मिश्रा को पदोन्नत किया गया है।इसी क्रम में सहायक निबंधक से उप निबंधक पद पर संजीव कुमार यादव, सुजीत चंद्र, राजेंद्र प्रसाद, ओमेंद्र कुमार वर्मा और गोपाल सिंह को पदोन्नति मिली है।अनुभाग अधिकारी से सहायक निबंधक पद पर आदित्य कुमार सिंह, उदय वीर सिंह, रजनीश कुमार, आशीष वर्मा, ओम हर्ष यादव, मोहम्मद फैसल, वंदना, विनय सिंह, मोहम्मद आदिल हमीद और अरविंद कुमार शशांक को पदोन्नत किया गया है। वहीं, समीक्षा अधिकारी से अनुभाग अधिकारी पद पर आस्था कटम, स्वाति सिंह, अवनीश कुमार सिंह, दीप्ति वर्मा, अनिल कुमार, आशीष अंशुमाली, अमित अर्पण, ज्योति वर्मा, धर्मेंद्रपाल सिंह, राहुल कुमार गौतम और पंकज गहलौत सहित अन्य अधिकारियों को पदोन्नति मिली।

निबंधक से लेकर अनुभाग अधिकारी तक के पदों पर मिली नई जिम्मेदारी

AI ने तस्वीरों को लोककला में ढाला

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: कला की दुनिया में अब रंगों और ब्रश के साथ डिजिटल तकनीक भी नए प्रयोग कर रही है। मोबाइल पर उंगलियों से बनाई गई ड्राइंग का बड़ी स्क्रीन पर तुरंत उभरना और AI की मदद से किसी को साधारण तस्वीर का मधुबनी, गोंड या वारली शैली की पेंटिंग में बदल जाना। कला और तकनीक का यह दिलचस्प संगम सोमवार को अलीगंज स्थित कला खोज आर्ट गैलरी में देखने को मिला। यहां एलायंस फ्रांसेज की ओर से 'नोवांब डिजिटल एक्सपेरिमेंट्स' प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसका उद्घाटन बिल्व महाराज कथक संस्थान की अध्यक्ष प्रो. कुमकुम धर ने किया।

अलीगंज स्थित कला खोज आर्ट गैलरी में लगी प्रदर्शनी

फ्रांसीसी डिजिटल कलाकार मैक्सिम टूर्टोर की तैयार की गई इस प्रदर्शनी में दर्शकों को कला देखने के साथ उसे खुद रचने का मौका भी मिला।

पोर्टल बंद होने के बाद वैरिफिकेशन लिए बुलाया

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही के कारण स्टूडेंट्स को स्कॉलरशिप आवेदन के लिए भटकना पड़ रहा है। समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर बायोमीट्रिक वैरिफिकेशन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 15 नवंबर थी, जबकि विवि प्रशासन ने अंतिम तिथि के एक दिन बाद 16 नवंबर को स्टूडेंस को वैरिफिकेशन के लिए बुलाया। सोमवार को जब वैरिफिकेशन के लिए स्टूडेंट पहुंचे तो पोर्टल बंद था। इसके बाद स्टूडेंट्स ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में रजिस्ट्रार भावना मिश्रा ने आश्वासन दिया कि पोर्टल खुलवाकर सभी का वैरिफिकेशन करवाया जाएगा। इसके बाद स्टूडेंट शांत हुए। समाज कल्याण की ओर से छात्रवृत्ति के लिए बायोमैट्रिक वैरिफिकेशन अनिवार्य किया गया है। इसके लिए अंतिम तिथि 15 नवंबर थी। विवि की ओर से अंतिम तिथि से पहले महज 500 स्टूडेंट्स का ही वैरिफिकेशन करवाया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय में हंगामा



'आत्मनिर्भरता को गति देगा माइक्रोफाइनैंस'

■ NBT न्यूज, लखनऊ: माइक्रोफाइनैंस असोसिएशन ऑफ यूपी (उप्मा) ने सोमवार को गोमती नगर के एक होटल में एवं राज्य सम्मेलन में वित्तीय समावेशन पर हुई चर्चा

9वें राज्य सम्मेलन में वित्तीय समावेशन पर हुई चर्चा

माइक्रोफाइनैंस सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें ग्रामीण महिलाओं, किसानों और छोटे उद्यमियों के वित्तीय समावेशन पर मंथन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वित्तीय समावेशन से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और रोजगार सृजन होगा।

मुख्य वक्ता आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने पारदर्शिता व ग्राहक हितों की सुरक्षा पर जोर दिया, जबकि आईआईएम बेंगलुरु के प्रो. एमएस श्रीराम ने कहा कि लक्ष्य सिर्फ लोन देना नहीं, बल्कि आजीविका बदलना होना चाहिए। सम्मेलन में एमएसएमई लेंडिंग, जिम्मेदार ऋण वितरण और एचआर प्रबंधन पर तीन परिचर्चाएं हुईं, जिनमें एसबीआई, नाबार्ड, सिडबी और एसएलबीसी के अधिकारी शामिल हुए। मौके पर लखनऊ रेंज के आईजी एस. किरण को सम्मानित किया गया, जबकि उप्मा के चेयरमैन मुकुल जैसवाल व सीईओ सुधीर सिन्हा ने तकनीक के साथ मानवीय संवेदना बनाए रखने की बात कही।

वंदे मातरम् के 150 साल पर सेना की उड़ान



■ NBT न्यूज, लखनऊ: भारतीय सेना के माइक्रोलाइट उड़ान अभियान 'फ्लाइंग रैबिट्स' ने रविवार को लखनऊ रेसकोर्स में पड़ाव डाला। वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर 'वंदे मातरम् 150 - नेशनल यूनिटी फ्लाइट' के तहत यह अभियान गया से शुरू होकर वाराणसी, गाजीपुर और अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंचा है। यह पहल आर्मी सर्विस कोर के 266वें कोर दिवस और 12वें पुनर्मिलन के उपलक्ष्य में आयोजित की गई है। लखनऊ में सेंट्रल कमान मुख्यालय के एमएलएसओ ने टीम का स्वागत किया। टीम ने सोमवार को अगले पड़ाव के लिए उड़ान भरी। सेना ने बताया कि अभियान का उद्देश्य वंदे मातरम् की विरासत, राष्ट्रीय एकता और देशभक्ति के मूल्यों को मजबूत करना तथा आर्मी सर्विस कोर की गौरवशाली परंपरा को उजागर करना है।

फ्लाइंग रैबिट्स का माइक्रोलाइट अभियान पहुंचा लखनऊ

NatWest Markets

नैटवेस्ट मार्केट्स पीएलसी की भारत स्थित शाखा के बंद होने संबंधी सूचना (पूर्व में द रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड पीएलसी, द रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड एन.वी. और एबीएन एमरो बैंक एन.वी.)

सार्वजनिक सूचना

"नैटवेस्ट मार्केट्स पीएलसी **("बैंक")** ने 31 दिसंबर 2019 को कारोबारी समय समाप्त होने के साथ ही भारत में अपने सभी व्यवसाय और परिचालन बंद कर दिए थे। भारत में बैंक के पास जमा शेष शाखा राशि पर दावा करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने दावे in.service@natwestmarkets.com पर भेज सकता है।

इस सूचना को बैंक द्वारा किसी भी देयता या दावे की स्वीकारोक्ति अथवा स्वीकृति नहीं माना जाएगा। बैंक के सभी अधिकार स्पष्ट रूप से सुरक्षित हैं। बैंक अपने रिकॉर्ड से मेल न खाने वाले किसी भी दावे को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। वैध पाए जाने वाले दावों का निपटान लागू कानूनों, विनियमों और बैंक की स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाएगा।

भारत में नैटवेस्ट मार्केट्स के साथ आपके संबंध के बारे में कोई प्रश्न होने पर या अधिक जानकारी के लिए कृपया in.service@natwestmarkets.com पर हमसे संपर्क करें। हम आपके सहयोग की सराहना करते हैं और आपके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं।"

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, लखनऊ मेट्रो
द्वितीय तल, बी-23, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010
मो. 7565008656, ई मेल-sarluc@bankofbaroda.bank.in

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों के बिक्री के लिए बिक्री सूचना
"परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) के प्रावधान देखें]

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत ई-नीलामी बिक्री सूचना।

एतद्वारा जनसाधारण एवं ऋणी तथा जमानतकर्ता को विशेष रूप से यह सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति / बंधक / प्रभार युक्त सम्पत्ति को, जिसे बैंक ऑफ बड़ौदा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा भौतिक / सांकेतिक कब्जे में लिया गया है को बैंक के बकाया वसूली के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा **'जो है जहाँ है', जो है जैसे है एवं जो कुछ भी है'** के आधार पर बिक्री का प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। ऋणी / जमानतकर्ता / प्रतिभूति आस्ति / देय / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी की तिथि एवं समय, धरोहर राशि (ईएमडी) एवं बिक्ष बढ़ोत्तरी राशि का विवरण निम्नलिखित है:-

ई-नीलामी की तिथि 10.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 09.12.2026 सायं 06:00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणी / जमानतकर्ता / बंधककर्ता का नाम एवं पता	अचल सम्पत्तियों का संक्षिप्त विवरण, ज्ञात भार सहित यदि कोई हो	कुल बकाया	ई-नीलामी की तिथि एवं समय	आरक्षित धनराशि / अंकित मूल्य / बिड बढ़ोत्तरी राशि	बिक्री की स्थिति (सांकेतिक / भौतिक)	सम्पत्ति निरीक्षण हेतु तिथि एवं समय
1.	**ऋणी:-1. श्रीमती सीता सिंह, स्व. डॉ. विनोद कुमार सिंह की पत्नी एवं विधिक उत्तराधिकारी, 2. श्री सत्यम सिंह, स्व. डॉ. विनोद कुमार सिंह के पुत्र एवं विधिक उत्तराधिकारी, 3. सुश्री सौम्या सिंह, स्व. डॉ. विनोद कुमार सिंह की पुत्री एवं विधिक उत्तराधिकारी,** सभी निवासी– 408/ए, राजा राहुल सिटी, निकट राम सेवक पुरम कॉलोनी, हरिहरपुर, निलमथा कैंट, लखनऊ, उ. प्र. 226002	सामूहिक बंधक आवासीय प्लॉट, पुराने चक संख्या 291 भूमि का भाग, गाटा संख्या 1122, वर्तमान खसरा संख्या 893, स्थित ग्राम सरसवां, तहसील सरोजनी नगर, जिला–लखनऊ, **क्षेत्रफल 143.029 वर्ग मीटर, स्व. डॉ. विनोद कुमार सिंह के नाम पर विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी–** उत्तर: द्विवेदी एवं अन्य का प्लॉट, दक्षिण: 20 फीट चौड़ी सड़क, पूर्व: खसरा संख्या 893 की शेष भूमि, पश्चिम: (एक बख्श सिंह) का प्लॉट, **पश्चिम:** विजय सिंह का प्लॉट **भार:** ज्ञात नहीं	रू. 60,41,448.60 दिनांक 14.11.2026 तक + भविष्य का ब्याज व अन्य खर्च	दिनांक 10.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक	रू. 71,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 7,10,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	17.11.2026 से 09.12.2026 समय 10:00 AM से 04:00 PM
2.	**ऋणी:– मेसर्स पीताम्बरा इंटरप्राइजेज, प्रोप. अभिषेक शर्मा,** प्लॉट नं. ई–160, यूपीएसआईडीसी, औद्योगिक क्षेत्र आईआईडीसी, कुर्सी रोड, जिला– बाराबंकी–225002 **प्रोपराइटर:– श्री अभिषेक शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा,** 631/173, निकट शिव मंदिर, शिवपुरी, कमता, चिनहट, लखनऊ–226028 **जमानतकर्ता:– श्री विजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा,** 631/173, निकट शिव मंदिर, शिवपुरी, कमता, चिनहट, लखनऊ–226028	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित प्लॉट नं. ई–160 (यूपीएसआईडीसी), स्थित औद्योगिक क्षेत्र, आईआईडीसी कुर्सी रोड, जिला–बाराबंकी (उ. प्र.), **क्षेत्रफल 442.50 वर्ग मीटर, मेसर्स पीताम्बरा इंटरप्राइजेज, प्रोप. श्री अभिषेक शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा** के माध्यम से के नाम पर, **विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी–उत्तर:** 12 मीटर चौड़ी सड़क, **दक्षिण:** प्लॉट नं. ई–163, **पूर्व:** प्लॉट नं. ई–159, **पश्चिम:** प्लॉट नं. ई–161 **भार:** ज्ञात नहीं	रू. 3,81,95,503.91 दिनांक 14.11.2026 तक + भविष्य का ब्याज व अन्य खर्च	दिनांक 10.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक	रू. 65,00,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 6,50,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	सांकेतिक	17.11.2026 से 09.12.2026 समय 10:00 AM से 04:00 PM
3.	**ऋणी:– मेसर्स श्री विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज, प्रोप. अवधेश कुमार शर्मा,** प्लॉट नं. 51, भूमि खसरा संख्या– 867 का भाग स्थित ग्राम पलिया मसूदपुर, परगना देवा, तहसील– नवाबगंज, जिला–बाराबंकी–225002 **प्रोपराइटर:– श्री अवधेश कुमार शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा,** 631/173, निकट शिव मंदिर, शिवपुरी, कमता, चिनहट, लखनऊ–226028 **जमानतकर्ता:–1. श्री अविनेक शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा, 2. श्री विजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र स्व. परमानंद शर्मा,** दोनों निवासी– 631/173, शिव मंदिर के निकट, शिवपुरी, कमता, चिनहट, लखनऊ–226028, 3. **श्रीमती शोभा देवी पत्नी इंद्रजीत शर्मा,** ग्राम नरकठिया नौतन, संसरिया, सिवान, बिहार–841243	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित प्लॉट नं. 51, भूमि खसरा संख्या– 867 का भाग स्थित ग्राम पलिया मसूदपुर, परगना देवा, तहसील– नवाबगंज, जिला–बाराबंकी–225002 **क्षेत्रफल 185.80 वर्ग मीटर, विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी–** उत्तर: विक्रेता का प्लॉट, दक्षिण: 25 फीट कच्चा रास्ता, पूर्व: सड़क, **पश्चिम:** विक्रेता का प्लॉट **भार:** ज्ञात नहीं	रू. 1,16,48,479.40 दिनांक 14.11.2026 तक + भविष्य का ब्याज व अन्य खर्च	दिनांक 10.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक	रू. 50,20,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 5,02,000/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	17.11.2026 से 09.12.2026 समय 10:00 AM से 04:00 PM
4.	**ऋणी:- श्री सूर्य प्रताप सिंह पुत्र श्री हरिहर सिंह एवं श्रीमती निशा सिंह पत्नी श्री सूर्य प्रताप सिंह,** दोनों निवासी– 645ए/1253, जानकी विहार कॉलोनी, जानकीपुरम, लखनऊ–226021	सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित (ईअब्ल्यूएस) मकान नं. 281, सेक्टर जी, **क्षेत्रफल 36.75 वर्ग मीटर,** जानकीपुरम, सीतापुर रोड, लखनऊ, **श्री सूर्य प्रताप सिंह पुत्र श्री हरिहर सिंह के नाम पर, विक्रय विलेख के अनुसार चौहद्दी–** उत्तर: मकान नं. 282, **दक्षिण:** मकान नं. 280, **पूर्व:** 6 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिम:** मकान नं. 256 **भार:** ज्ञात नहीं	रू. 47,11,784.85 दिनांक 14.11.2026 तक + भविष्य का ब्याज व अन्य खर्च	दिनांक 10.12.2026 दोपहर 02:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक	रू. 20,69,000/- (आरक्षित मूल्य) रू. 2,06,900/- (अग्रिम धनराशि) रू. 10,000/- (बिड बढ़ोत्तरी राशि)	भौतिक	17.11.2026 से 09.12.2026 समय 10:00 AM से 04:00 PM
5.	**ऋणी:– मेसर्स द ग्लाइसेराइजर्स, प्रोप. श्री रविजोत पसरीचा पुत्र भूपिंदर सिंह पसरीचा,** मकान नं. 5, मीराबाई मार्ग, आयकर भवन के निकट, लखनऊ–226001 **जमानतकर्ता:–1. श्रीमती सुरजीत कौर पत्नी भूपिंदर सिंह पसरीचा, 2. श्री हर्ष पसरीचा पुत्र भूपिंदर सिंह पसरीचा,